दिन– बुधवार

दिनांक– 16 / 04 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधि – 15 मिनट

01. विधानसभा चुनाव को लेकर राज्य में राजनीतिक गतिविधियां तेज हुयी। बिहार भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ बैठक। पटना में कल महागठबंधन दलों की होगी बैठक।

02. चुनाव के मद्देनजर राज्य के बूथ स्तरीय एजेंटों के लिए नई दिल्ली में निर्वाचन आयोग का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज से शुरू।

03. सर्वोच्च न्यायालय ने वक्फ कानून पर फिलहाल रोक लगाने से किया इंकार। कुछ बिंदुओं पर केंद्र सरकार से मांगा जवाब।

04. और, मौसम विभाग ने आज गया, नवादा, औरंगाबाद समेत राज्य के दक्षिणी भागों में कुछ स्थानों पर आंधी, बारिश और वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया।

---

विधानसभा चुनाव को लेकर राज्य में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गयी हैं। बिहार भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास पर जाकर उनसे मुलाकात की है। भाजपा के बिहार प्रभारी भिखुभाई दलसानिया, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय और राज्य सरकार के मंत्री नितिन नवीन समेत कई वरिष्ठ नेता अचानक मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचे। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चौबीस अप्रैल को होने वाले बिहार दौरे की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। साथ ही विधानसभा चुनाव में एनडीए की रणनीतियों पर भी विमर्श किया गया। हालांकि अचानक हुई इस बैठक को लेकर राजनीतिक गलियारे में कई तरह की चर्चा की जा रही है। गौरतलब है कि कल मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने खुद जदयू के वरिष्ठ नेता और अपने कैबिनेट सहयोगी विजय कुमार चौधरी के आवास पर जाकर बंद कमरे में बातचीत की।

---

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस के नेतृत्व वाले महागठबंधन दलों की एक महत्वपूर्ण बैठक कल पटना में आयोजित होगी। महागठबंधन में अभी कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल के अलावा सीपीआई माले, सीपीएम, सीपीआई और मुकेश सहनी के नेतृत्व वाली वीआईपी शामिल हैं। बैठक से पहले एजेंडा

और अन्य कुछ मुद्दों को लेकर राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कल कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से नई दिल्ली में मुलाकात की। कल हुई बैठक को लेकर कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावरु ने आशा जताई है कि पटना में होने वाली बैठक में सीटों पर समझौता और संभावित उम्मीदवारो समेत कई मुद्दों पर चर्चा होगी।

---

निर्वाचन आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। राज्य के बूथ स्तरीय एजेंटों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज से नई दिल्ली में शुरू हो गया है। बिहार के दस विभिन्न राजनीतिक दलों के लगभग दो सौ अस्सी बूथ स्तरीय एजेंट दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

———रिपोर्ट———

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के साथ चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी ने कार्यक्रम के दौरान एजेंटों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम उन्हें अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने में मदद करेगा। एजेंटों को कानूनी ढांचे के अनुसार उनकी नियुक्ति, भूमिका और जिम्मेदारियों का अवलोकन कराया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम ने उन्हें चुनाव प्रक्रियाओं के विभिन्न पहलुओं, मतदाता सूची की तैयारी, अद्यतन और संशोधन तथा संबंधित प्रपत्र और प्रारूप शामिल हैं। दो सौ 43 सदस्यीय बिहार विधानसभा के लिए चुनाव इस साल के अंत में होने वाले हैं। समाचार कक्ष से राजेश मीणा।

---

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा है कि पार्टी की विचार धारा और पार्टी के कार्यक्रमों से प्रभावित होकर कोई यदि पार्टी में शामिल होना चाहता है, तो उसका स्वागत है। श्री जायसवाल पटना में संवाददाताओं से बातचीत में महागठबंधन में शामिल दल के नेताओं के भाजपा में शामिल होने की संभावना पर प्रतिक्रिया दे रहे थे।

———बाइट———

---

कांग्रेस पार्टी अपने वरिष्ठ नेताओं राहुल गांधी और सोनिया गांधी के खिलाफ नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा आरोपपत्र दाखिल करने के खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन कर रही है। पार्टी नेताओं ने आज पटना में आयकर गोलम्बर के पास विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने ईडी कार्यालय का घेराव भी किया। प्रदर्शन में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम, बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरू, विधानमंडल

दल के नेता शकील अहमद खान समेत पार्टी के अन्य नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान ने कहा कि एजेंसिंया मनमाने तरीके से काम कर रही है और पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से इसका विरोध कर रही है।

———बाइट———

---

भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस पर प्रवर्तन निदेशालय को धमकाने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा है कि ईडी के आरोप पत्र दाखिल करने से कांग्रेस पार्टी परेशान है। श्री प्रसाद ने नई दिल्ली में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई एक कानूनी प्रक्रिया है, जिसमें कांग्रेस विरोध प्रदर्शन कर बाधा उत्पन्न करने की कोशिश कर रही है।

———बाइट———

कांग्रेस पार्टी बहुत परेशान है। देशभर में धरना देने की बात कर रही है। धरना देने का अधिकार उनका है। लेकिन जमीन और फंड लूटने का अधिकार नहीं है उनका। कानून अपना काम कर रहा है। क्या कानून को अपना काम नहीं करना चाहिए। नरेन्द्र मोदी जी की सरकार है कानून को अपना काम करने देगी और कानून काम करेगा।

---

भारतीय पुलिस सेवा के पूर्व अधिकारी नूरूल होदा आज विकासशील इंसान पार्टी, वीआईपी में शामिल हो गए। पार्टी के अध्यक्ष मुकेश सहनी ने उन्हें दल की सदस्यता दिलाई।

---

विशेष निगरानी इकाई की टीम ने आज सुपौल के निलंबित अंचलाधिकारी प्रिंस राज और उनकी पत्नी अररियरी प्रखंड की अंचलाधिकारी अंकु गुप्ता के शेखपुरा और मधुबनी स्थित विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी की। टीम ने शेखपुरा जिले के नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत राज गोपुरम कॉलोनी में आरोपित दंपत्ति अधिकारियों के आवास पर छापेमारी की। हमारे शेखपुरा संवाददाता ने बताया है कि विशेष टीम ने अंकु गुप्ता को हिरासत में ले लिया है। निगरानी की टीम ने मधुबनी जिले के हरलाखी प्रखंड अंतर्गत झिटकी गांव में भी दंपत्ति के आवास पर छापेमारी की। जानकारी के अनुसार दोनों स्थानों पर छापेमारी के दौरान कर्तव्यों के र्निवहन में अनियमितता से संबंधित कई

आपत्तिजनक कागजात मिले हैं। साथ ही धन–शोधन के कई अज्ञात श्रोतों का भी पता चला है।

———————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने वक्फ कानून पर फिलहाल रोक लगाने से इंकार कर दिया है। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने कानून के खिलाफ दायर विभिन्न याचिकाओं की सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार से भी कुछ बिंदुओं पर जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ कानून के विरोध में देशभर में हो रही हिंसा पर चिंता भी जताई है। गौरलतब है कि ऑल इंडिया पसर्नल लॉ बोर्ड के कहने पर देशभर में मुसलमान ग्यारह अप्रैल से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। मामले की सुनवाई कल भी जारी रहेगी।

———————————————————————

काल बैशाखी के प्रभाव और राज्य के उत्तरी भागों से एक ट्रफ रेखा गुजरने के कारण प्रदेश के अधिकांश भागों में आंधी, बारिश और वज्रपात की परिस्थितियां बनी हुयी हैं। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के दक्षिण–मध्य भागों में कई स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश हुयी है। गया के डोभी में सबसे अधिक आठ दशमलव दो मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि बीस अप्रैल तक राज्य के अधिकांश स्थानों पर आंधी–पानी, मेघगर्जन और वज्रपात की आशंका है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के अनुसार आज गया, नवादा, औरंगाबाद समेत राज्य के दक्षिणी भागों में कई स्थानों पर आंधी, बारिश और वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

———बाइट———

———————————————————————

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय देशभर के स्कूलों में सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के साथ मिलकर अभियान चलाएगा। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आज सड़क सुरक्षा के मुद्दे पर नई दिल्ली में सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के साथ बैठक की। उन्होंने बैठक के बाद एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सड़क दुर्घटनाएं और असुरक्षित ड्राइविंग लाखों लोगों का जीवन खतरे में डालती हैं। श्री प्रधान ने कहा कि मंत्रालय स्कूली शिक्षा के माध्यम से सड़क सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूकता बढ़ाएगा।

पूर्व रेलवे के मालदा डिवीजन में अमृत भारत योजना के तहत विकास कार्यों का के पहले चरण का कार्य लगभग पूरा हो गया है। डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता ने आज मुंगेर जिले के जमालपुर स्टेशन पर विकास कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि कार्य फिनिशिंग स्टेज में है और इस माह के अंत तक पहले चरण का काम पूरा हो जाएगा। श्री गुप्ता ने कहा कि दूसरे चरण में स्टेशन के एक नंबर प्लेटफार्म से दो नंबर प्लेटफार्म पर जाने के लिए फुट ओवर ब्रिज बनाया जाएगा। डीआरएम ने अधिकारियों को अमृत भारत योजना के तहत चल रहे कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने के आवश्यक निर्देश दिये।

पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने कहा है कि जे.पी. गंगा पथ पर आवागमन पूरी तरह सुरक्षित है। श्री नवीन ने आज कंगन घाट से दीदारगंज तक हाल ही में शुरू किये गए पथ के कथित दरार वाले हिस्से का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि पथ संरचना में किसी प्रकार की दरार नहीं है बल्कि, जिसे दरार बताया जा रहा है, वह पुल के डिजाईन का हिस्सा है। वहीं, बिहार राज्य पथ निर्माण के प्रबंध निदेशक शीर्षत कपिल अशोक ने भी स्पष्ट किया कि जहां पुल खत्म होता है और जहां से जमीनी भाग शुरू होता है, उस बीच में एक गैप रखा जाता है।

उपमुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने आज सीतामढ़ी जिले के डुमरा प्रखंड स्थित मुरादपुर में राजकीय बीज प्रसंस्करण केंद्र और पांच सौ मीट्रिक टन क्षमता वाले गोदाम का उद्घाटन किया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल जिले के किसानों को आत्मनिर्भर बनाएगी और कृषि क्षेत्र में नई ऊर्जा का संचार करेगी। इस दौरान क्षेत्र के किसानों के बीच मूंग और उड़द के बीजों का वितरण किया गया।

समस्तीपुर जिले के मुक्तापुर में एसटीएफ और स्थानीय पुलिस ने संयुक्त छापेमारी कर पच्चीस हजार रुपये के ईनामी कुख्यात अपराधी अंकित महतो उर्फ आरडीएक्स को गिरफ्तार कर लिया।

मधुबनी जिले के जयनगर में भारत–नेपाल सीमा क्षेत्र के पास पिपरौन में एसएसबी जवानों ने भारी मात्रा में नेपाली शराब जब्त की है।

खगड़िया जिले में सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक नई पुलिस चौकी बनाने के लिए गृह विभाग को अनुशंसा भेजी गयी है।

रोहतास जिला मुख्यालय, सासाराम में आज अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत अग्निशमन विभाग ने जागरूकता मैराथन दौड़ का आयोजन किया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. विधानसभा चुनाव को लेकर राज्य में राजनीतिक गतिविधियां तेज हुयी। बिहार भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ बैठक। पटना में कल महागठबंधन दलों की होगी बैठक।

02. चुनाव के मद्देनजर राज्य के बूथ स्तरीय एजेंटों के लिए नई दिल्ली में निर्वाचन आयोग का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज से शुरू।

03. सर्वोच्च न्यायालय ने वक्फ कानून पर फिलहाल रोक लगाने से किया इंकार। कुछ बिंदुओं पर केंद्र सरकार से मांगा जवाब।

04. और, मौसम विभाग ने आज गया, नवादा, औरंगाबाद समेत राज्य के दक्षिणी भागों में कुछ स्थानों पर आंधी, बारिश और वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।